UG - Sem IV Educational Psychology Page (1)
MJC - 6

Topic - Nature of Educational Psychology

Topic —

Nature of Edu. Psy & its applications —

शिक्षा मनोविज्ञान, मनोविज्ञान की एक शाखा है, जिसमें मनोविज्ञान के सिद्धांतों, नियमों, विधियों का उपयोग शिक्षा के क्षेत्र में किया जाता है।

Skinner, 1962 के अनुसार :— "शिक्षा मनोविज्ञान, मनोविज्ञान की वह शाखा है, जिसका संबंध अध्ययन (Study) तथा सीखने (Learning) से है।"

- शिक्षा मनोविज्ञान अध्यापकों की तैयारी की आधारशिला है।
- शिक्षा से जुड़े सभी व्यवहार तथा व्यक्तित्व शिक्षा मनोविज्ञान के अंतर्गत आते हैं।
- शिक्षा मनोविज्ञान के क्षेत्र में उन सभी ज्ञान और विधियों को शामिल किया जाता है जो सीखने की प्रक्रिया से अधिक अच्छी प्रकार समझने और अधिक कुशलता से निर्देशित करने के लिए आवश्यक है।
- मानवीय व्यवहार का शैक्षिक परिस्थितियों (Educational situations) में अध्ययन करना ही शिक्षा मनोविज्ञान है।

Alice Crow के अनुसार :— "शिक्षा मनोविज्ञान मानव प्रतिक्रियाओं (Human reactions) के वैज्ञानिक रूप से व्युत्पन्न सिद्धांतों के अनुप्रयोग (application) का प्रतिनिधित्व (Represent) करता है जो शिक्षण और सीखने को प्रभावित करते हैं।"

2. यह constitative & Regulative दोनों प्रकार का विज्ञान है। constitative विज्ञान तथ्यों (facts) पर जबकि Regulative विज्ञान assessment पर आधारित है।
3. शिक्षा का स्वरूप संश्लेषणात्मक (synthetic) होता है जबकि शिक्षा मनोविज्ञान का स्वरूप विश्लेषणात्मक (analytic) होता है।
4. शिक्षा मनोविज्ञान एकवस्तुपरक विज्ञान (Material science) है।
5. शिक्षा मनोविज्ञान व्यवहार का विज्ञान (science of behavior) है, क्योंकि इसमें शैक्षिक परिस्थितियों के अंतर्गत बालक के व्यवहार का अध्ययन किया जाता है।
6. शैक्षिक परिस्थितियों के अंतर्गत बालक के व्यवहार का अध्ययन करना ही शिक्षा मनोविज्ञान का theme है।
7. शिक्षा मनोविज्ञान का सीधा संबंध शिक्षण में अधिगम क्रियाकलापों से है।
8. शिक्षा तथा मनोविज्ञान को जोड़ने वाली प्रमुख कड़ी मानव- मानव व्यवहार है।

Crow and Crow के अनुसार :—

"शिक्षा मनोविज्ञान व्यक्ति के जन्म से लेकर वृद्धावस्था तक अधिगम (Learning) के अनुभवों (Expriences) का वर्णन (Describe) तथा Explain करता है।"

J.M. Stephon के अनुसार :—

"शिक्षा मनोविज्ञान के बालक के शैक्षिक विकास (Educational development) का क्रमबद्ध (Systemaqtic) अध्ययन है।"

Thorndike के अनुसार :—

"शिक्षा मनोविज्ञान के अंतर्गत शिक्षा से संबंधित सम्पूर्ण व्यवहार (Behaviour) और व्यक्तित्व (Persenalty) आ जाता है।"

शिक्षा मनोविज्ञान के ज्ञान द्वारा शिक्षक बालकों की व्यक्तिगत विभिन्नताओं का ज्ञान प्राप्त करता है। उचित शिक्षण विधियों का चयन करता है तथा कक्षा - कक्ष में अनुशासन स्थापित करना है।

Nature & Specificity of Edu. Psy.

1. शिक्षा मनोविज्ञान Scientific nature की होती है। क्योंकि शैक्षिक वातावरण में Learner के व्यवहार का वैज्ञानिक विधियों, नियमों तथा सिद्धांतों के माध्यम से अध्ययन किया जाता है।